# पीत–पत्र के बदले

प्रधान
~~विशेष~~ सचिव,
नगर विकास एवं आवास विभाग, बिहार, पटना।

सचिव कोषांग, नगर विकास एवं आवास विभाग
30 AUG 2018
प्राप्ति तिथि
बिहार, पटना

दिनांक–15.08.2018 को मुजफ्फरपुर जिला के कार्यों का समीक्षा किया गया है। तदनुसार समीक्षा प्रतिवेदन संलग्न कर आवश्यक कार्रवाई हेतु भेजा जा रहा है।

अनु0:– यथोक्त।

16/8/18

(अशोक कुमार)
अधीक्षण अभियंता
बिहार शहरी विकास अभिकरण
नगर विकास एवं आवास विभाग

सचिव कोषांग, नगर विकास एवं आवास विभाग
पत्र पंजी
31 AUG 2018
9565
संख्या............
बिहार, पटना

**दिनांक–15.08.2018 को मुजफ्फरपुर नगर निगम की समीक्षा की गई। समीक्षा के दरम्यान निम्नलिखित बिन्दू सामने आएः–**

(1) मुजफ्फरपुर नगर निगम के द्वारा सामानों का क्रय GEM PORTAL से शुरू कर दिया गया है एवं GEM PORTAL के माध्यम से 30,000 अद्द Plastic Dustin (10 to 12 lit) की आपूर्ति ली गई है। Dustin की खरीद प्रति दो Dustin राशि 102.30 रू0 की दर से की गई है। आपूर्तिकर्त्ता द्वारा गुणवत्ता जाँच प्रतिवेदन जो CIPET के द्वारा दिया गया है उपलब्ध कराया गया है। नगर आयुक्त, नगर निगम मुजफ्फरपुर ने भी डस्टबीन की गुणवत्ता को संतोषजनक बताया। पुनः Random स्तर पर डस्टबीन की गुणवत्ता की जाँच हाजीपुर अवस्थित CIPET से कराना श्रेयस्कर होगा और यदि जाँच प्रतिवेदन संतोषजनक पाया जाता है, तो सभी नगर निकाय को इसी माध्यम से इस दर को ध्यान में रखते हुए क्रय करने का सुझाव दिया जा सकता है।

(2) मुज़फ्फरपुर स्मार्ट सिटी की समीक्षा के दरम्यान पाया गया कि SREI Project Management Consultant के द्वारा कुल 44 योजनाओं का DPR सितम्बर 2018 तक तैयार कर निविदा करने का प्रस्ताव है। इन योजनाओं के संबंध में विस्तृत चर्चा Consultant एवं MD, SMART CITY से की गई जिस दरम्यान निम्नलिखित बातें सामने आयीः–

(a) Consultant के द्वारा एकरारनामा के अनुसार अभी तक Expert लोगों को mobilize नहीं किया गया है।

(b) Consultant का अभी तक Team Leader, ICT expert एवं अन्य का चुनाव नहीं किया गया है। Consultant के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि Expert एवं Team Leader के replacement का प्रस्ताव समर्पित है लेकिन approval के अभाव में Expert को employed नहीं किया जा रहा है। प्रबंध निदेशक को अविलंब एकरारनामा के अनुसार expert के replacement के प्रस्ताव को अनुमोदन करने का सुझाव दिया जाय ताकि कार्य की प्रगति हो सके।

चर्चा के दरम्यान भी यह स्पष्ट हुआ कि Consultant के द्वारा तैयार किये जा रहे डी0पी0आर0 के संबंध में detail विमर्श नगर निगम के पदाधिकारियों से नहीं की जा रही है। स्मार्ट सिटी के प्रगति हेतु अविलंब

SPV के Personnel की नियुक्ति प्रक्रिया शुरू करने का सुझाव दिया गया। प्रबंध निदेशक एवं Consultant के साथ SMART CITY के एक site सिकन्दरपुर Lake का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दरम्यान पाया गया कि सिकन्दपुर Lake मुजफ्फरपुर शहर के लिए एक बहुत बड़ा Tourist Place एवं Picnic spot बन सकता है, बशर्त्ते इसका Development अच्छे ढंग से कर लिया जाय। SMART CITY अन्तर्गत सिकन्दरपुर Lake के Development का Plan है, जिसका अविलंब DPR बनाकर निविदा की प्रक्रिया करने का सुझाव दिया गया।

(3) **Map Approval :-** नक्शा स्वीकृति की स्थिति की समीक्षा की गई। नगर निगम में कुल जमा नक्शा की संख्या–490 है, जिसके विरूद्ध मात्र 29 नक्शा की स्वीकृति प्रदान की गई है। नक्शा की स्वीकृति की दिशा में तेजी लाने का निदेश दिया गया।

16/8/18

**(अशोक कुमार)**
अधीक्षण अभियंता
बिहार शहरी विकास अभिकरण
नगर विकास एवं आवास विभाग
बिहार, पटना।